5 .25 करोड़ के जनपद भवन या भ्रष्टाचार का स्मारक?

बिना तराई, बिना सूचना बोर्ड और बिना जवाबदेही के धड़ल्ले से चल रहा निर्माण, जनता बोली- ठेकेदार की मनमानी पर जिम्मेदार अधिकारी क्यों मौन?

घंसौर नवभारत। जनपद पंचायत घंसौर में लगभग 5 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बन रहे नए जनपद पंचायत भवन के निर्माण कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण स्थल का नजारा देखकर आमजन से लेकर तकनीकी जानकारी रखने वाले लोग तक हैरान हैं। लोगों का आरोप है कि भवन निर्माण के मूलभूत नियम-कायदों को ताक पर रखकर कार्य कराया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार इंजीनियर, सब इंजीनियर और विभागीय अधिकारी मानो आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की मजबूती के लिए नींव निर्माण के बाद नियमित तराई (क्योरिंग) सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। भवन निर्माण के मानकों के अनुसार कंक्रीट और नींव की कम से कम 7 से 14 दिनों तक नियमित तराई आवश्यक होती है, ताकि कंक्रीट अपनी निर्धारित मजबूती प्राप्त कर सके। लेकिन यहां स्थिति इसके ठीक उलट दिखाई दे रही है। निर्माण स्थल पर पानी का टैंकर केवल मसाला तैयार करने के लिए पहुंच रहा है, जबकि तराई के लिए पानी का उपयोग लगभग न के बराबर बताया जा रहा है।

आरोप यह भी हैं कि निर्माण प्रारंभ होने से पहले भू-तकनीकी परीक्षण और जल स्रोत की व्यवस्था हेतु बोर उत्खनन किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बिना पर्याप्त जल व्यवस्था के विशाल भवन की नींव तैयार कर दी गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसा काम चलते रहा तो भवन बनते-बनते कमजोर हो जाएगा और आने वाले समय में बड़ा हादसा भी हो सकत हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि निर्माण स्थल पर अब तक सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। सरकारी निर्माण कार्यों में लागत, एजेंसी, ठेकेदार का नाम, मोबाइल नंबर, कार्य प्रारंभ एवं समाप्ति तिथि तथा तकनीकी अधिकारियों की जानकारी प्रदर्शित करना अनिवार्य होता है। लेकिन

यहां यह व्यवस्था पूरी तरह गायब है।

वहीं निर्माण स्थल पर बड़ी संख्या में हरे-भरे वृक्षों की कटाई भी चर्चा का विषय बनी हुई है। आखिर वृक्ष कटाई की अनुमति किस विभाग ने दी? पर्यावरणीय स्वीकृति ली गई या नहीं? इस संबंध में भी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। जनता का आरोप है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखकर कहीं से भी यह नहीं लगता कि करोड़ों रुपये की लागत खर्च की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि काम देख के तो लगता है कि 50 लाख में भवन बन जाएगा, बाकी पैसा कहां जाएगा, ये जांच के बाद ही पता चलेगा।

अब क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन, जनपद सीईओ, कलेक्टर एवं उच्च स्तरीय तकनीकी टीम से मांग की है कि निर्माण कार्य की स्वतंत्र जांच कराई जाए, गुणवत्ता परीक्षण कराया जाए, मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा दोषी पाए जाने पर ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

इनका कहना है

निर्माणाधीन जनपद पंचायत भवन को लेकर उठ रहे सवालों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद भवन जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये से बनाया जा रहा है, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा, यदि निर्माण कार्य में तकनीकी नियमों की अनदेखी की जा रही है, तराई नहीं की जा रही है, सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है अथवा गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। जनपद पंचायत का दायित्व है कि जनता के धन का सदुपयोग हो और मजबूत, सुरक्षित एवं टिकाऊ भवन का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य से संबंधित शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिन्हें गंभीरता से लिया जा रहा है। हम स्वयं पूरे मामले की जानकारी प्राप्त करेंगे और संबंधित विभागीय अधिकारियों से विस्तृत प्रतिवेदन मांगेंगे। यदि कहीं भी अनियमितता या भ्रष्टाचार पाया जाता है तो दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। अध्यक्ष ने आगे कहा कि भवन निर्माण में भारतीय मानक ब्यूरो तथा विभाग के निर्धारित मापदंडों का पालन अनिवार्य है। जनता के हितों से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर उच्च स्तरीय तकनीकी जांच टीम से भी पूरे निर्माण कार्य का परीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, घंसौर की जनता ने हमें विकास और पारदर्शिता के लिए चुना है। इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यदि शिकायतें सही पाई गईं तो संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही के लिए उच्च स्तर पर पत्राचार किया जाएगा। जनता निश्चिंत रहे एक-एक रुपये का हिसाब लिया जाएगा और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को छिपने नहीं दिया जाएगा।

सरिता परसराम उइके जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत घंसौर

जनता का साफ कहना है ये भवन जनता के टैक्स के पैसे से बन रहा हे, कोई निजी हवेली नई। यदि अभी जांच नहीं हुई तो आने वाले समय में करोड़ों रुपए के साथ जनता की सुरक्षा भी दांव पर लग जाएगी। घंसौर में यह मामला अब चर्चा का नहीं, बल्कि जवाबदेही और पारदर्शिता की बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है।

आंधी-तूफान का कहर : भीमगढ़ रोड़ बंजारी घाटी में सड़क पर गिरे पेड़ लगभग एक घंटे रहा आवागमन बाधित

छपारा नवभारत। 23 जून दिन मंगलवार को दोपहर लगभग एक बजे छपारा क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान ने कई स्थानों पर भारी नुकसान पहुंचाया। भीमगढ़ रोड स्थित गोरखपुर-बंजारी घाटी के पास तेज हवा के कारण कई पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों की मदद से यातायात व्यवस्था संभालने का प्रयास किया गया तथा प्रशासन को सूचना दी गई।

वहीं छपारा-प्रतापगढ़ मार्ग पर जूनापानी बंजर गांव में तेज आंधी के कारण बिजली का ट्रांसफार्मर गिर गया। इसके साथ ही कई बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली के तार सड़क पर गिर पड़े, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई और आवागमन भी जोखिमपूर्ण हो गया।

सूचना मिलते ही विद्युत

प्रतापगढ़ रोड पर ट्रांसफार्मर गिरा कई बिजली खंभे क्षतिग्रस्त

विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, खंभों तथा बिजली लाइनों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में आवश्यक सावधानियां भी बरती जा रही हैं।

उधर प्रतापगढ़ और सिमरिया क्षेत्र में तेज बारिश दर्ज की गई, जिससे आसपास के नालों में उफान आ गया। जबकि छपारा नगर में अपेक्षाकृत हल्की बारिश हुई। इसके बावजूद भीमगढ़ रोड और प्रतापगढ़ रोड पर तेज आंधी-तूफान ने व्यापक नुकसान पहुंचाया।

एक नजर में

बंडोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

बंडोल। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को बंडोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने तथा त्योहार के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में थाना प्रभारी मनोज जंघेला, क्षेत्र के राकेश बैस,

रमजान कुरैशी, सफीक कुरैशी, देवीसिंह राजपूत, पीछात ठाकुर, वीरेन्द्र साहू, मोनिक सिंह, सुदेश डहेरिया अनुराग पगारे सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। सभी ने पर्व को आपसी सद्भाव और सहयोग के साथ मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को आवश्यक सुझाव भी दिए। प्रशासन ने नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की।

प्रमोद मोदी बने जिला कांग्रेस महासचिव

केवलारी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी की अनुशंसा पर सिवनी जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित कार्यकारिणी में केवलारी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद मोदी को जिला कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रमोद मोदी को जिला संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से केवलारी क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ जिले में कांग्रेस को मिलेगा। प्रमोद मोदी लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे हैं और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति को केवलारी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

योग दिवस पर ब्रम्हाकुमारी विद्यालय में हुआ आयोजन

कन्हीवाड़ा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र में भव्य योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र प्रभारी बी.के.मोनिका दीदी ने राजयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग मन, बुद्धि और शरीर को संतुलित कर जीवन में सुख, शांति एवं सकारात्मकता का संचार करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं न्यूज़ रिपोर्टर श्री संतोष बंदेवार जी ने योग को स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन का आधार बताते हुए सभी को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। पतंजलि योग समिति के सदस्य श्रीराम ठाकुर जी ने भी अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। वहीं सचिव हरिशंकर भाई जी ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

पत्रकार को जान से मारने 4 लाख की सुपारी देने का आरोप

सिवनी नवभारत। जिले में निष्पक्ष पत्रकारिता करना अब जान जोखिम में डालने जैसा होता जा रहा है। और अवैध नशे के कारोबार और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाने वाले एक पत्रकार ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। शिकायत में दावा किया गया है कि जिले में सक्रिय अवैध कारोबारियों और आपराधिक तत्वों ने उनकी हत्या करवाने के लिए 4 लाख रुपये की सुपारी दी है। इस खुलासे के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई है। और

शिव नगर कॉलोनी, मरझोर निवासी संजय बघेल, जो राष्ट्रबाण समाचार पत्र के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन में बताया कि वे लंबे समय से जिले में अवैध शराब, स्मैक तस्करी, नशे के काले कारोबार और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित कर रहे हैं। उनके द्वारा प्रकाशित खबरों के कारण कई अवैध कारोबारियों के नेटवर्क पर असर पड़ा है, जिससे वे लगातार निशाने पर हैं। और आवेदन में बताया गया है कि गोपनीय सूत्रों से उन्हें जानकारी मिली कि क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली अवैध कारोबारी उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। आरोप है कि हत्या को अंजाम देने के लिए 4 लाख रुपये की सुपारी दी गई है। शिकायत में अजस्मित मानाठाकुर, लक्की विश्वकर्मा, दाद यादव और निखिल सहित अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। इन सभी पर अवैध नशे के कारोबार और गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप लगाए गए हैं।घटना का जिक्र करते हुए पत्रकार ने बताया कि 20-21 जून 2026 की दरम्यानी रात जब वे अपनी पत्नी को लेने जा रहे थे, तभी शनि मंदिर के पास कुछ संदिग्ध और असामाजिक तत्वों ने उन्हें आवाज देकर रोकने की कोशिश की। परिस्थिति को गंभीर समझते हुए उन्होंने तत्काल पुलिस अधिकारियों को फोन पर सूचना दी। आरोप है कि जब वे वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे, तब उक्त लोगों और उनके साथियों ने योजनाबद्ध तरीके से उनका पीछा किया। इस घटनाक्रम से यह आशंका और गहरा गई कि आरोपित किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

घटना के बाद से पत्रकार और उनका पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। परिवार ने आशंका जताई है कि आरोपित किसी भी समय जानलेवा हमला कर सकते हैं। मामले को लेकर पत्रकार जगत में भी चिंता का माहौल है, क्योंकि इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर सीधा हमला माना जा रहा है। जो सिवनी जिले के लिए एक चुनौती से काम नहीं माना जा रहा है जहां एक और इस मामले में कोई संगठन आगे नहीं आ रहा है तो वही कुछ इमानदार पत्रकार साथ की लगातार संजय बघेल के साथ खड़े होकर उनके सपोर्ट के अलावा हर संभव मदद कर कंधे से कंधे मिलकर साथ है जिससे संजय बघेल जैसे निष्पक्ष पत्रकार का हौसला बढ़ रहा है और वहीं शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पिता के सपनों को बेटे ने अधिकारी बनकर किया पूरा

केवलारी नवभारत। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी युवा के लिए गौरव और सम्मान की बात होती है। जनपद पंचायत केवलारी में बाबू के पद पर पदस्थ तिलक सिंह राजपूत के पुत्र जय राजपूत ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे केवलारी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस कामयाबी में पिता तिलक सिंह राजपूत के संघर्ष और मार्गदर्शन, माता के स्नेह एवं देखभाल तथा शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जय राजपूत की सफलता से परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है।

हिंदू सेवा परिषद ने दो जरूरतमंदों को किया रक्तदान

सिवनी नवभारत। मंगलवार को सरसडोल के रवि मर्सकोले जी के यहां ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर हिंदू सेवा परिषद के जिला महासचिव को पता चलते ही उन्होंने अपनी ही गांव की टीम को एकत्रित किया और सिवनी के जिला चिकित्सालय पहुंचकर उन्हें रक्त दिलवाया उसके बाद एक लखन वाडा ग्राम बमोडी के रहने वाले यादव परिवार को भी रक्त दिलवाया एक ही दिन में दो जरूरतमंदों को रक्तदान किया हिंदू सेवा परिषद हमेशा यह कार्य करती रहती है और आगे भी निरंतर करती

रहेगी। रक्त देने वालो में गोविंद विश्कर्मा, सेलू विश्कर्मा , सहयोगी धनराज मानाठाकुर, प्रदेश सहसचिव, पिंकेश विश्वकर्मा जिला महासचिव की सराहनीय भूमिका रही।

मुस्लिम विकास परिषद ने किया एसपी का सम्मान

सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने आज पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कृष्ण लालचंदानी से सौजन्य भेंट कर उन्हें जनसेवा, समाजसेवा, उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था तथा जिले में सभी धर्मों एवं समुदायों के बीच आपसी प्रेम, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखने में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए पुष्पहार एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। परिषद के सरपरस्त नवाब दीवान शाद अली एवं प्रदेश महामंत्री शोएब राजा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष साजिद खान, उपाध्यक्ष असलम मिर्जा तथा

कोषाध्यक्ष रहीम खान शामिल रहे।

इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी के नेतृत्व में जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था स्थापित करने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा सभी वर्गों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण निर्मित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित, संगठन को मजबूती देने नई टीम तैयार

सिवनी नवभारत। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के बाद जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी की अनुशंसा पर नई टीम का गठन किया गया। कार्यकारिणी में संगठन महासचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, प्रवक्ता और सामाजिक मीडिया प्रभारी सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं।जिला कांग्रेस संगठन महासचिव के रूप में हनीफ खान, कोषाध्यक्ष के रूप में सुधीर जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पद पर असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, बृजेशसिंह बघेल, मुकेश जैन, ठाकुर जयकेशसिंह, अनीक मोहम्मद अन्नू बाबा, राजेश दुबे, राजेन्द्र पटैल, जाहित खान और दुपेन्द्र लकी अमुले को नियुक्त किया गया। जिला कांग्रेस महासचिव पद पर सुरेन्द्र करोसिया, शिव सनोडिया, अतुलचंद मालू, इमरान पटेल, रंजीत यादव, प्रमोद मोदी, प्रकाश सूर्यवंशी, आनंद भगत, आदित्य सिंह, दयाराम मसराम, प्रशांत यादव, अनिल मर्सकोले, हर्षवर्धन सिंह (लकी) बघेल, राकेश सनोडिया और यशपाल भलावी को जिम्मेदारी दी गई।

इसी प्रकार जिला कांग्रेस सचिव, प्रवक्ता एवं सामाजिक मीडिया प्रभारी पदों पर भी कई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। जिला कांग्रेस प्रवक्ता के रूप में जे.पी.एस. तिवारी और राजिक अकील, जबकि सामाजिक मीडिया प्रभारी के रूप में शिवदीप डेहरिया और उमेश चक्रवर्ती को नियुक्त किया गया।इस अवसर पर जिला प्रभारी सोहनलाल वाल्मीकि, लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा, केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल और विनोद वासनिक सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों ने नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

कांग्रेस नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।नई नियुक्तियों से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने और संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है ।

उत्खनन नियमों को ताक पर रखकर हो रहा खनन; बारिश में छपारा के कई वार्डों में बाढ़ का खतरा, भीमगढ़ बांध के डूब क्षेत्र का मामला

वैनगंगा में सिल्ट निकालने के नाम पर बेतरतीब उत्खनन, कलेक्टर से शिकायत

छपारा नवभारत। जिला मुख्यालय सिवनी में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में 23 जून दिन मंगलवार को छपारा तहसील मुख्यालय की ओर से जागरूक नागरिकों ने बैंनगंगा नदी में हो रहे विगत ढेड़ महिने बेतरतीब और नियम विरुद्ध उत्खनन को लेकर कलेक्टर को एक लिखित शिकायत सौंपी है। सौंपे गए आवेदन (आवेदन क्रमांक- 6780/6599, दिनांक 23/06/2026) में बैंनगंगा नदी के अस्तित्व और पर्यावरण को बचाने के लिए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने और उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की गई है।

सिंचाई विभाग की अनुमति की आड़ में निजी स्वार्थ का खेल

शिकायतकर्ता राकेश नागफासे, मनीष तिवारी और सुदीप तिवारी ने बताया कि छपारा तहसील मुख्यालय के समीप से बहने वाली बैंनगंगा नदी में इन दिनों सिंचाई विभाग के आदेश की

आड़ में सिल्ट (गाद) निकालने का काम किया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस संवेदनशील कार्य की निगरानी के लिए न तो मौके पर सिंचाई विभाग का कोई कर्मचारी मौजूद है और न ही नगर परिषद द्वारा कोई मॉनिटरिंग की जा रही है। इसका फायदा उठाकर निजी तौर पर अत्यंत बेतरतीब तरीके से पोकलेन और जेसीबी जैसी भारी मशीनों से बेधड़क खनन किया जा रहा है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि उत्खनन के दौरान नदी के भीतर से निकाली जा रही सिल्ट और मिट्टी को नदी के किनारे पर ही डंप किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में नदी तट पर अवैध अतिक्रमण की आशंका प्रबल हो गई है। इसके अलावा, खननकर्ताओं द्वारा एक स्थान पर भारी मात्रा में मिट्टी भर दिए जाने के कारण वैनगंगा नदी की प्राकृतिक दिशा मुड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इतना ही नहीं, छपारा कस्बे से आकर बैंनगंगा में मिलने वाले एक प्रमुख

भीमगढ़ बांध के डूब क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन?

यह पूरी जमीन एशिया के सबसे बड़े मिट्टी के बांध भीमगढ़ संजय सरोवर के डूब क्षेत्र के अंतर्गत आती है। नियमानुसार, ऐसे क्षेत्रों से सिल्ट निकालने की अनुमति शासन स्तर से विशेष शर्तों पर दी जाती है। पर्यावरण विशेषज्ञों का भी मानना है कि इस प्रकार के बेतरतीब खनन से बांध की सुरक्षा और क्षेत्रीय पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। पूरे प्रदेश में इस तरह की अनुमति का यह इकलौता मामला प्रतीत होता है, जिससे इस पूरी प्रक्रिया पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं।



बरसाती नाले की दिशा को भी बदल दिया गया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इस अव्यवस्थित उत्खनन को तुरंत नहीं रोका गया, तो आगामी बारिश के दिनों में छपारा शहर के कई हिस्सों में पानी भर जाएगा। छपारा के दो वार्ड पहले से ही हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आते हैं, ऐसे में इस बार यह लापरवाही पूरे कस्बे पर भारी पड़ सकती है।

कलेक्टर से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद

ग्रामीणों ने जनसुनवाई की पावती हुए कहा कि हमें जिले के संवेदनशील कलेक्टर पर पूरा भरोसा है। शिकायत पत्र के साथ मौके पर चल रही भारी मशीनों के साक्ष्य प्रशासन को सौंप दिए गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरी कार्रवाई में पारदर्शिता लाई जाए, मौके पर जमा सिल्ट को तत्काल हटाया जाए और दोषियों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए।

जिले के 6 स्काउटर ने किया गुवाहाटी मेघालय का प्रकृति अध्ययन

सिवनी नवभारत। भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार जबलपुर संभाग द्वारा स्काउट गाइड गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के लिए वार्षिक हाइक का आयोजन असम प्रांत के गुवाहाटी में आयोजित किया गया या शिविर असम के राज्य मुख्यालय सोनपुर चमत्पाथर में आयोजित हुआ जिसमें जबलपुर संभाग के 102 स्काउटर गाइडर ने अपनी सहभागिता प्रदान की इस कार्यक्रम के दौरान स्काउटर गाइडर शिलांग चेरापूंजी एवं असम के सभी प्राकृतिक स्थलों का अध्ययन कर गतिविधियो में अपनी सहभागिता प्रदान की जिले का यह दल जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारीश्री शिव सिंह कुमरे मार्गदर्शन में अपनी उपस्थिति प्रदान की इसका संचालन सहायक राज्य संगठन जबलपुर ललित मिश्रा द्वारा किया गया सहयोगी के रूप में श्री नरेंद्र शर्मा विजय शुक्ला द्वारा अपना सहयोगप्रदान कर हाईक को सफल बनाया एवं स्काउटर गाइडर को मार्गदर्शन दिया गया इस अध्ययनशाला में

स्काउटर गाइडर ने माता कामाख्या चेरापूंजी एवं शिलांग के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष विद्यालयों में संचालित किए जाने वाले स्काउट गाइड गतिविधियों में सहभागिता प्रदान करने वाले सक्रिय स्काउटर गाइडर के लिए आयोजित किया जाता है इस हेतु जिले से सभी सक्रिय स्काउटर गाइडर से आवेदन आमंत्रित किए गए थे किंतु जिले के 06हीस्काउटर गाइडर ने इस कार्यक्रम हेतु अपनी सहमति सहमति प्रदान की थी जिले के शिक्षा विभाग से श्री विजय शुक्ला स्स्कउट के मार्गदर्शन में श्री राम नारायण राय एडवांस स्काउट मास्टर बोरधई श्री बाल गोविंद पाठक शासकीय हाई स्कूल खरसारू केवलारी श्री वेद प्रकाश राय शासकीय हाई स्कूल भोंगखड़ा दीपक डेरिया शासकीय हाई स्कूल लोपा एवं श्री बेनी राम प्रजापति शासकीय प्राथमिक शाला हर हरपुर गोपालगंज ने अपनी सहभागिता प्रदान की इस अवसर पर सिवनी जिले के दल द्वारा गतिविधियों में प्राप्त किए गए मोमेंटो को जिला शिक्षा अधिकारी को प्रदान किया जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में इस प्रकार स्काउट गाइड गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने हेतु निर्देश दिए।

किराए से देना
अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।
संपर्क करे
6264000057